J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 24.08.2019

PUNJAB KESARI

जेसी बोस विश्वविद्यालय ने किया आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ समझौता

समझौता ज्ञापन को दिखाते हुए।

फरीदाबाद, 23 अगस्त (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद देश के प्रमुख संस्थानों के साथ अकादमिक टाई-अप को बढ़ावा दे रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज, बेंगलुरु के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के एक विस्तृत कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों संस्थान परस्पर अकादमिक, अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण के साथ-साथ तकनीकी सुविधाओं को साझा करेंगे तथा सम्मेलन एवं कार्यशालाओं के आयोजन को लेकर सहयोग करेंगे। जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से प्रिंसिपल डॉ. केएन सुब्रमण्य ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। 50 वर्ष से अधिक पुराना आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज देश में अग्रणी तकनीकी संस्थानों में से एक है और 12 अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग प्रोग्राम, 21 मास्टर डिग्री प्रोग्राम और डॉक्टेरल स्टडीज प्रदान करता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह सहयोग दोनों संस्थानों के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को परस्पर जोड़ेगा और उन्हें आपसी विशेषज्ञता से लाभान्वित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। कुलपति ने कॉलेज परिसर में विभिन्न सुविधाओं और प्रयोगशालाओं का जायजा भी लिया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 24 August 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/42881218

NEWS CLIPPING: 24.08.2019

HINDUSTAN

बेंगलुरु के कॉलेज से समझौता किया

फरीदाबाद। वाईएमसीए ने बेंगलुरु के आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तृत कार्यक्रम को संस्थान अकादमिक, अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण के अलावा तकनीकी सुविधाओं का साझा किया जाएगा। वहीं, सम्मेलन एवं कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। अनुबंध आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य और जेसी बोस विवि के डीन डॉ. विक्रम सिंह और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के उपस्थिति में किया गया।

NEWS CLIPPING: 24.08.2019

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए का आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज से समझौता

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए ने आरवी इंजीनियरिंग कॉलेज बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के एक विस्तृत कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों संस्थान परस्पर अकादमिक, अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण के साथ-साथ तकनीकी सुविधाओं को साझा करेंगे तथा सम्मेलन एवं कार्यशालाओं के आयोजन को लेकर सहयोग करेंगे। विवि के डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह ने कुलपति प्रो. दिनेश की उपस्थिति में और आरवी कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. केए सुब्रमण्यम ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह सहयोग दोनों संस्थानों के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को परस्पर जोड़ेगा और उन्हें आपसी विशेषज्ञता से लाभान्वित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।